पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में योग दिवस आयोजन की बैठक सम्पन्न

सभी स्कूलों, मैदानों, पार्कों में भी हो योग दिवस पर योगाभ्यास

सगर्भा माताओं और आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को भी सिखाएं योग

प्रकृति और मौसम से जुड़कर योगाभ्यास करें

झुग्गी–बस्ती के निवासी, भिक्षावृत्ति छोड़ने वालों में वितरित हो योग सामग्री

राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

योग को जीवन का अंग बनाने की शपथ के विश्व रिकार्ड के लिए https://rajbhawanyogapledge.in/ पर जुड़ें लोग

अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे

लखनऊ : 13 जून, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज यहाँ राजभवन में 21 जून को होने वाले योग दिवस आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि आयोजन सिर्फ राजभवन तक न होकर प्रदेश के प्रत्येक स्कूल, खुले मैदानों, पार्कों आदि में वृहद रूप से कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रमुख सचिव आयुष विभाग श्रीमती लीना जौहरी से खास तौर पर प्रत्येक जनपद में इस आयोजन को वृहद रूप में

कराने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गर्भवती माताओं को तथा आंगनवाड़ी के बच्चों को भी योग सिखाने की व्यवस्था हो, जिससे स्वस्थ संतान के साथ–साथ बच्चों में भी योग की आदत विकसित हो।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने प्रकृति और मौसम के साथ जुड़कर योगाभ्यास कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा खुले मैदानों में योगाभ्यास के दौरान यदि वर्षा होती है तो मौसम के अनुकूल सहज आसनों का योग किया जाए, लेकिन योगाभ्यास प्राकृतिक वातावरण में ही किया जाए। राज्यपाल जी ने झुग्गी–बस्तियों के निवासियों, भिक्षावृत्ति से पृथक होकर मुख्य जीवनधारा से जुड़े उम्मीद संस्था की महिलाओं और बच्चों को भी योग में जोड़ने को कहा। उन्होंने मंडलायुक्त लखनऊ मंडल डॉ0 रोशन जैकब को निर्देश दिया कि इन बस्तियों के निवासी लोगों को योग से अवश्य जोड़ें तथा उन्हें योग की सामग्री यथा टी–शर्ट, मैट आदि भी उपलब्ध करवाएं। बैठक में राज्यपाल जी ने उ0प्र0 सरकार से भी अपेक्षा की कि प्रदेश के सभी मंत्रीगण अलग–अलग स्थलों पर जाकर योग कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व करें तथा लोगों में योग के प्रति जागरूकता और रूचि का प्रसार करें। राज्यपाल जी ने बैठक में जन सहयोग से योग के जनसंकल्प पर जोर दिया और कहा कि योग का प्रमुख उद्देश्य स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देना है।

बैठक में प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती लीना जौहरी ने बताया कि 15 जून, 2024 से योग सप्ताह प्रारम्भ हो जाएगा, जिसका समापन 21 जून, 2024 को योग दिवस के दिन होगा। योग की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल जी की मंशानुरूप अधिक प्राकृतिक योग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मंडलायुक्त डॉ0 रौशन जैकब ने कहा कि योग से प्रदेश के अधिकाधिक स्कूल जोड़े जाने का प्रयास होगा। कार्यक्रम के आयोजन पर विस्तृत चर्चा के दौरान अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने राज्यपाल जी की प्रेरणा से योग को

जीवन का अंग बनाने की ऑनलाइन शपथ का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की मुहिम की जानकारी देते हुए बताया कि https://rajbhawanyogapledge.in/ लिंक से पंजीकरण कराकर शपथ की इस मुहिम को सफल बना सकते हैं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती लीना जौहरी, मंडलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब, विशेष सचिव राज्यपाल श्री बी.एन. सिंह, अपर निदेशक सूचना श्री अंशुमान त्रिपाठी, वी.सी. एल.डी.ए., विशेष सचिव पर्यटन, उपमुख्य चिकित्साधिकारी, नगर आयुक्त जनपद लखनऊ, संयुक्त निदेशक सूचना श्री दिनेश कुमार गुप्ता, राजभवन एवं आयुष विभाग तथा अन्य के सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

संपर्क :
डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक,
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361